कार्यालय आयुक्त पुलिस, दिल्ली

संख्या 635 /पीआरओ/पीएचक्यू, दिनांक , दिल्ली 17/10/2020

सेवा में,

श्रीमान मुख्य संपादक,
अमर उजाला, दिल्ली

विषय:- लॉकडाउन के दौरान बढ़ी झपटमारी की वारदात के शीर्षक से छपी खबर के संदर्भ में।

श्रीमान,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में आज दिनांक 17.10.2020 को छपी खबर के संदर्भ मे यह कहना कि 01.01.2020 से 31.08.2020 तक व पिछले साल इसी अवधि में झपटमारी के केस दर्ज़ की संख्या बताकर ये निष्कर्ष लेना के लॉकडाउन में बढ़ीं झपटमारी की वारदात आधारहीन है। साथ में यह भी कहना ज़रूरी है कि पुरानी मानसिकता से अपने को बदला जाए, केवल आंकड़ों पर न जाकर उससे जुड़े अन्य तथ्यों को भी जांच कर निष्कर्ष निकाला जाए।

यदि आप पीसीआर में प्राप्त होने वाली झपटमारी की काल्स और उसमें से दर्ज़ होने वाली एफ़आईआर के जुलाई, 2019 से सितम्बर 2020 के आंकड़ो पर नजर डालें तो उसमे जुलाई, 2019 में जहां 4,831 कॉल आई थी जो सितम्बर 2020 में 60% की गिरावट से केवल 1,945 पीसीआर कॉल ही आई हैं। जबकि जुलाई, 2019 में 10% की दर से केवल 486 एफ़आईआर ही दर्ज़ हुई और सितम्बर, 2020 में 43% की दर से 830 झपटमारी की एफ़आईआर दर्ज़ हुई । पीसीआर कॉल में 60% की गिरावट आना और उसमे एफ़आईआर दर्ज़ करने कि 10% से बढ़कर 43% होना इस बात का संकेत है की झपटमारी की वारदातों में भारी गिरावट हुई है। यह भी बात सच है कि सभी पीसीआर काल्स सही नहीं पायी जाती, उनमे से कुछ गलत पाई जाती है और कुछ कॉल एक ही घटना के लिए दोबारा की जाती हैं। संबन्धित आंकड़े निम्नलिखित हैं:-

	पीसीआर काल्स	**एफ़आईआर**
जुलाई- 2019	4831	486
अगस्त - 2019	5233	467
सितम्बर- 2019	4316	498
अक्तूबर- 2019	3390	537
नवम्बर- 2019	2978	492
दिसम्बर- 2019	3076	465
जनवरी- 2020	3134	426
फरवरी- 2020	3232	454
मार्च- 2020	2541	523
अप्रैल - 2020	1060	178
मई- 2020	1456	561
जून - 2020	1995	921

जुलाई- 2020	1845	872
अगस्त- 2020	1738	787
सितम्बर- 2020	1945	830

आपसे अनुरोध है कि आप उपरोक्त आंकड़ों के मद्देनजर सही तथ्यों को छपी खबर के स्तर से ही प्रकाशित करके अपने माननीय पाठकों को अवगत कराये।

जन संपर्क अधिकारी,
दिल्ली पुलिस